दिन—शनिवार दिनांक— 27 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. कल हुए दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव आयोग ने संशोधित आंकड़ा जारी किया। उनसठ दशमलव चार—पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

02. दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के मतदान के लिए उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं।

03. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। चौवालीस दशमलव चार डिग्री अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————————

चुनाव आयोग ने कल पांच संसदीय क्षेत्रों में हुए मतदान के संशोधित आंकड़े जारी किये हैं। इसके अनुसार कल उनसठ दशमलव चार पांच प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गयी। सबसे अधिक मतदान कटिहार संसदीय क्षेत्र में दर्ज किया गया जहां लगभग चौंसठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं पूर्णिया में तिरसठ प्रतिशत और किशनगंज में बासठ दशमलव चौरासी प्रतिशत वोटिंग हुई है। संशोधित आकड़ों के मुताबिक बांका में चौवन प्रतिशत से अधिक जबकि भागलपुर में साढे तिरपन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो हजार उन्नीस के लोक सभा चुनाव की तुलना में इस बार इन पांचों संसदीय क्षेत्रों में चार प्रतिशत कम मतदान हुआ है। दो हजार उन्नीस में किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में लगभग तिरेसठ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

————————————————————————————

इधर, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी है। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें छप्पन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि अट्ठाईस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र को रद्द कर दिया गया है। दरभंगा में अब बीस उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, उजियारपुर

में तेईस, बेगूसराय में चौदह, मुंगेर में तेरह और समस्तीपुर में चौदह उम्मीदवार शेष बच गए हैं। रद्द किये गये नामांकन पत्रों में दरभंगा के बारह, उजियारपुर के दस, बेगूसराय के चार और समस्तीपुर के दो उम्मीदवार हैं। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार जारी हैं। भीषण गर्मी के चलते राज्य भर में बड़ी रैलियों की संख्या कम देखी जा रही है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में बासोपट्टी प्रखंड अंतर्गत ईश्वर सच्चिदानंद उच्च विद्यालय के मैदान में सभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो लोगों को दो सौ यूनिट बिजली और एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की भी कीमत कम कर पांच सौ रुपए प्रति सिलेंडर कर दिया जायेगा। जन सभा को विकास शील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा क्षेत्रों के जिलाध्यक्षों, प्रखंड और पंचायत से जुड़े पार्टी के पदाधिकारियों और नेताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करेंगे। श्री कुमार बैठक के दौरान पदाधिकारियों को यह बताएंगे कि उनकी सरकार ने विगत अठारह वर्षों में किस तरह से काम किया। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिसमें सरकार ने काम नहीं किया। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री उनतीस अप्रैल को बेगूसराय में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

---

केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने भरोसा जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। गुजरात के पोरबंदर में आज एक जनसभा में श्री शाह ने अनुच्छेद–तीन सौ सत्तर निरस्त करने जैसे ऐतिहासिक फैसले, राममंदिर का निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद के खतरे से सफलतापूर्वक निपटने और देश में शांति का प्रसार करने के लिए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। श्री शाह ने नीतियों के ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने देश के वर्तमान तीर्थस्थलों के पुनरूद्धार के लिए श्री मोदी की सराहना की।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कल इन लोकसभा क्षेत्रों से कुल नौ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किये। सीतामढ़ी से जदयू के देवेश चन्द्र ठाकुर और दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। वहीं, मुजफ्फरपुर से भाजपा के राज भूषण निषाद ने पर्चा दाखिल किया। उम्मीदवार तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। वहीं, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। इस चरण के तहत बीस मई को मतदान होना है।

———————————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने आज जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को वोटर इन्फ़ॉर्मेशन स्लिप का शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्री अशोक ने कहा कि कमजोर वर्ग के मतदाताओं का मताधिकार हर हाल में सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मतदाताओं को डरा–धमका कर और प्रलोभन देकर प्रभावित करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पटना साहिब और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने के लिए पांच सौ तीन सेक्टर पदाधिकारी, छियासठ उड़न दस्ता और एक सौ बत्तीस स्टैटिक सर्विलैन्स टीम, एसएसटी क्रियाशील है।

———————————————————————————————

राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य के पुलिस नोडल पदाधिकारियों के उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन दो हजार चौबीस के शेष चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर बैठक हुयी। बैठक में संबंधित जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी सह–जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

———————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात उजियारपुर लोकसभा सीट की। उजियारपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

गंगा नदी से घिरा उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र वर्ष दो हजार आठ में अस्तित्व में आया था। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से तीन विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर और तीन वैशाली जिले में हैं। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं, क्योंकि यहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। श्री राय को पिछले दो चुनावों में इस सीट से जीत मिलती रही है। इस बार उनके सामने चुनावी मैदान में इंडी गठबंधन से राजद ने आलोक मेहता को उतारा है। श्री मेहता उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र से एमएलए हैं। मुख्य मुकाबला निवर्तमान सांसद नित्यानंद राय और राजद के आलोक मेहता के बीच माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखें तो इस लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर भाजपा, एक पर जदयू, दो पर राजद और एक सीट पर सीपीएम का कब्जा है। भाजपा प्रत्याशी जहां विकास और मोदी की गारंटी के नाम पर मतदाताओं से वोटिंग की अपील कर रहे हैं। वहीं, राजद उम्मीदवार एनडीए सरकार की विफलताओं और महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय हैट्रिक बनाने में सफल होते हैं या नहीं। आकाशवाणी समाचार के लिए उजियारपुर से मैं कृष्ण कुमार।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लोकसभा चुनाव के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के मामले में औरंगाबाद में एक प्राथमिकी दर्ज किया गया। लाउड स्पीकर एक्ट उल्लंघन के मामले में भागलपुर में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। अवैध बैठक भाषण करने के मामले में औरंगाबाद में एक, मुजफ्फरपुर में एक, पूर्वी चंपारण में पांच और सहरसा में दो समेत आठ प्राथमिकी दर्ज की गयी। आदर्श आचार संहिता के तहत लगभग सैंतालीस लाख रूपये नकद बरामद किये गये हैं। वहीं, छिहत्तर हजार दो सौ इक्कीस लीटर शराब बरामद किया गया है। जिसका बाजार मूल्य लगभग एक सौ सत्रह लाख रूपये से अधिक है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सहरसा जिले के नौहट्टा में सीडीपीओ द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। वहीं, जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत कैंडल मार्च निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

वैशाली जिले के हाजीपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों की आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उपविकास आयुक्त ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिले के जनदाहा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप आईकॉन अभय कुमार ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

———————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा क्षेत्रों के जिलाध्यक्षों, प्रखंड और पंचायत से जुड़े पार्टी के पदाधिकारियों और नेताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक किया।

———————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई और खगड़िया जिले में लू जैसी स्थिति रही। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है। कल भी दरभंगा, औरंगाबाद, मोतिहारी, शेखपुरा, बांका, जमुई, खगड़िया और पूर्वी चंपारण जिले में लू की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दूसरे दिन शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

नालंदा जिले के कतरीसराय थाना के ताराबिगहा गांव में करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो मामा और एक भांजा शामिल है। यह घटना तालाब में मछली की चोरी की सुरक्षा के लिए तालाब के चारों तरफ बिजली के करेंट प्रवाहित करने के कारण हुई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे– इकहत्तर बिलारी मोड के पास रोड को जाम कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरी शोक– संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक के परिजनों को दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करनी की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्राथना की। इधर, बेगूसराय जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गौतम धाम के पास दो मोटरसाईकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा– दो हजार चौबीस का आयोजन उनतीस अप्रैल से शुरू होगा, जो ग्यारह मई तक चलेगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सत्तानवें परीक्षा केन्द्रों पर कुल अड़तालीस हजार तीन सौ छियासी परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। इस परीक्षा में पटना जिले में पांच परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं।

———————————————————————————

शाहाबाद क्षेत्र के वरिष्ठ सीपीआई नेता सत्य नारायण प्रसाद का कल निधन हो गया। वे बानवे वर्ष के थे। उन्होंने डुमरांव विधान सभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री सरदार हरिहर–सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ा था और काफी कम अंतर से पराजित हुए थे।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए वाहन जांच अभियान में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिया गांव के पास जा रहे पिता–पुत्री को अपराधियों ने दो लोगों गोली मार दी। जिसमें पिता की मौत हो गयी, जबकि पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. कल हुए दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव आयोग ने संशोधित आंकड़ा जारी किया। उनसठ दशमलव चार–पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।
02. दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के मतदान के लिए उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं।
03. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा।
04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। चौवालीस दशमलव चार डिग्री अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।